...से आलू क्रय करने का निर्णय लिया गया।

गन्ना किसानों के लिए मीठा रहा साल

राज्य सरकार प्रदेश में चीनी उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। गन्ना किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दे रही है आज उत्तर प्रदेश की देश में गन्ना उत्पादन में 50 प्रतिशत की भागदारी है। वर्ष 2017-18 में 1707 लाख मी.टन गन्ना उत्पादन कर उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। इसके साथ ही गन्ना किसानों को वर्तमान देय एवं बकाया मिलाकर कुल रु. 32,940 करोड़ रुपये का गन्ना भुगतान किया गया। उत्तर प्रदेश में जहाँ नई चीनी मिल खोली गई वहीं पुरानी चीनी मिलों का क्षमता विस्तार किया गया। पिपराईच-गोरखपुर, मुन्डेरवा-बस्ती में 5000 टी.सी.डी. की क्षमता से युक्त नई चीनी मिल स्थपित की जा रही हैं। मोहिउद्दीनपुर-मेरठ एवं सहकारी चीनी मिल रमाला-बागपत की पेराई क्षमता का विस्तार किया गया है।

BS
29/6/18